# गैनाणी से गंदे पानी की निकासी के लिए नई पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू



नई पाइपलाइन का कार्य शुरू करवाते विधायक मनोज मेघवाल ( बीच में )।

- 75 लाख रुपये की लागत से करीब एक किलोमीटर से अधिक लम्बी पाइप लाइन डाली जाएगी
- 45 साल पहले डाली गई लाइन में लीकेज से शहर में होने लगा था जलभराव

**सुजानगढ़,** (निसं)। गैनाणी से गंदे पानी की निकासी के लिए 45 साल पहले डाली गई पाइप लाईन में लीकेज के बाद से शहर में पैदा हुई जलभराव की समस्या से नगरवासियों को अब शीघ्र ही निजात मिल जायेगी।

नगरपरिषद प्रशासन ने गैनाणी से गंदे पानी की निकासी के लिए नई पाइप लाइन डालने का काम शुरू कर दिया है। विधायक मनोज मेघवाल, सभापति नीलोफर गौरी ने नई पाईप लाईन डालने का कार्य शुरू करवाया। आयुक्त कमलेश कुमार मीणा ने बताया कि 75 लाख रूपये की लागत से करीब एक किलोमीटर से अधिक लम्बी पाइप लाईन डाल कर गैनाणी से गंदे पानी की निकासी की जायेगी। आयुक्त ने बताया कि एक-एक फीट की गोलाई वाले पाईपों की डबल लाईन डाल कर 60 एचपी की दो मोटरों से पानी की निकासी करवाई जायेगी। उपसभापति अमित मारोठिया ने बताया कि एक सप्ताह में पाईप लाईन डालने का कार्य पूरा होने के बाद गंदे पानी की निकासी होने से शहरवासियों की जलभराव की समस्या का समाधान भी हो जायेगा।

इस अवसर पर पार्षद इदरीश गौरी, इकबाल खान, एड. सलीम खान गाजी, दीनदयाल पारीक, विजय बटेसर, हितेश जाखड, सोनिका पीपलवा, पन्नालाल सोनी, श्रवण कुमार जाखड, बजरंग सैन, सुरेश सोनी, सौरभ पीपलवा, इरफान खान, सहायक अभियन्ता दलीपसिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे। ज्ञात रहे कि गैनाणी से 45 साल पहले डाली गई पाइप लाईन में लीकेज आने से उसके ऊपर बने मकानों के कारण लीकेज नहीं निकाले जा सके तथा पम्प से पानी की निकासी बंद करने से गांधी चौक, लाडनूं बस स्टैण्ड, नया बास में पाण्ड्या रोड, मोहन जैन हॉस्पीटल के पास गंदे पानी के भराव की समस्या उत्पन्न हो गई। जिसके समाधान के लिए नगरपरिषद प्रशासन द्वारा एहतियात के तौर पर लाडनूं बस स्टैण्ड, गांधी चौक आदि स्थानों पर पम्प सेट लगा कर एवं सीवरेज लाईन के माध्यम से गंदे पानी की निकासी की गई थी। अब नई डबल लाइन का कार्य पूर्ण होने से नगरवासियों को गंदे पानी के भराव की समस्या से निजात मिलेगी।

## गौ सेवकों को सम्मानित किया

**सादुलपुर,** (निसं)। राजस्थान महिला विकास और सुरक्षा संस्थान मंड्रेला एनजीओ की अध्यक्षा तारा बाई की अध्यक्षता में भगवान दत्तात्रेय धाम में गौसेवा में समर्पित सेवा करने वाले गौसेवकों को सम्मानित किया गया। सचिव रणजीत सिंह राणा ने एनजीओ के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि महावीर सिंह शेखावत ने सभी को धन्यवाद दिया। एनजीओ के अजीत सिंह शेखावत इस्माइलपुर, सुनीता देवी, सुबेंद्र सिंह ने सहयोग किया। एनजीओ की तरफ से दत्तात्रेय धाम में एक झूला और एक बेड गद्दा और तकिया सहित भेंट किया। इस अवसर पर गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति और मानवाधिकार आयोग द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण कार्य किया गया। मंत्री इन्दु कुमार गोस्वामी ने संबोधित करते हुए बेटी बचाओ बेटी-पढाओ, बेटियों को शसक्त बनाओ, पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रयास करने और स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ, जैविक कृषि और खाद्य सुरक्षा, गौ माता की रक्षा हेतु प्रयास करने का आव्हान किया। कार्यक्रम को डॉ. रामावतार सोनी, डॉ. रामकुमार घोटड, पुजारी हीरा लाल भार्गव, रणजीत सिंह भाटी, कुणाल गोस्वामी, संतोष गोस्वामी, जाफर, महंत जगदीश पुरी आदि ने संबोधित किया।

## सार-समाचार

### पूर्व पीएम वाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई



**चूरू,** (कासं)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार शाम पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की चौथी पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि वाजपेयी के समय देश परमाणु शक्ति संपन्न बना। मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व दीनदयाल सैनी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, राजेश माटोलिया, सुनील टकणेत, सुरेश मिश्रा, राजीव शर्मा, राम स्वरूप कटारिया, पार्षद राकेश दाधीच, सीपी खत्री, अजय तंवर, मनोज तंवर, रवि दाधीच आदि उपस्थित थे।

### सैनिक समस्या समाधान शिविर आज

**चूरू,** (कासं)। सैनिक विश्राम गृह परिसर राजगढ 18 अगस्त को सवेरे 10 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी परवेज अहमद ने बताया कि शिविर में पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों की समस्या समाधान किया जाएगा। उन्होंने पूर्व सैनिकों, विधवाओं, शहीद वीरांगनाओं तथा उनके आश्रितों से निवेदन किया है कि वे इस शिविर में अपनी समस्या से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर उपस्थित हों तथा शिविर में अपनी समस्यों का समाधान करायें।

## जागरुकता पोस्टर का विमोचन

**चूरू,** (कासं)। जिले में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिले के प्रत्येक ब्लॉक और टीबी यूनिट में चयनित पांच ग्राम पंचायतों में टीबी से मुक्ति के लिए विशेष जागरुकता, आईईसी गतिविधियां सर्वे आदि कार्य सम्पन्न करवाए जाएंगे। इसी सिलसिले में मंगलवार को जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने जागरुकता के लिए बनाए गए एक पोस्टर का विमोचन किया। जिला कलेक्टर सिद्वार्थ सिहाग ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के अंतर्गत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लक्ष्य हेतु प्रत्येक टीबी यूनिट पर चिन्हित ग्राम पंचायत या वार्ड में स्थानीय स्तर पर 10 से 12 सदस्यों की टीम का गठन सरपंच अथवा वार्ड पार्षद की अध्यक्षता में किया जाएगा। इसमें उप सरपंच, पंचायत सचिव, चिकित्सा अधिकारी, सीएचओ, एएनएम, टीबी चैम्पियन, आशा, आंगनबाडी कार्यकर्ता, सरकारी शिक्षक या हैड मास्टर, स्वयं सहायता समूह सदस्य आदि सदस्य रहेंगे। उन्होंने बताया कि लक्ष्य प्राप्ति हेतु रोडमैप तैयार कर लिया गया है और शीघ्र ही क्रियान्विति शुरू की जाएगी।

## अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी



अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कार्यकर्ता।

**बीदासर,** (निसं)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पंचम् पुण्यतिथि पर सोमवार की संध्या में दड़ीबा स्थित श्रीनाथ जी आश्रम में भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अरूण तिवाड़ी की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया।

आयोजन में पालिकाध्यक्ष सीताराम भोभरिया, जिला कार्यकारिणी सदस्य भंवर सिंह राठौड़ व नगर अध्यक्ष अरूण तिवाड़ी ने स्वर्गीय अटल जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने वाजपेयी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी। आयोजन में मण्डल महामंत्री राजेश सोनी, अनुसूचित जाति मोर्चा के घासीराम मेघवाल, कोशाध्यक्ष गोपाल छापोला, मांगीलाल छापोला, युवा मोर्चा अध्यक्ष जयप्रकाश दर्जी, बाबूलाल, जिला परिषद प्रतिनिधि जगदीश प्रसाद स्वामी, कालूराम, भागीरथ, मनोज सोनी, करणी सिंह चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शारीरिक शिक्षक वाकपीठ का समापन

**सादुलपुर,** (निसं)। रा.उ.मा.वि. राजगढ में चल रही जिला स्तरीय शारीरिक शिक्षक वाकपीठ का समापन सीबीईईओ की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर रिटायर्ड शारीरिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न खेलों के नियमों के बारे में चर्चा की गई एवं प्रस्ताव तैयार किए गए। उच्च माध्यमिक शारीरिक शिक्षकों की वाकपीठ के समारोह में सी.बी.ई.ओ. बबलेश शर्मा ने कहा कि विद्यालय में शारीरिक शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शारीरिक शिक्षक विद्यालय की महत्वपूर्ण कडी होती है। शारीरिक शिक्षकों को विद्यालय के प्रधानाचार्य के साथ मिलकर खेलों के क्षेत्र में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास की ओर ध्यान देना चाहिए एवं बच्चों को अधिकाधिक खेलों के प्रति अभिप्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया ने कहा कि बच्चों को जिला व राज्य स्तरीय खेलकुद प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। ग्रामीण ओलंपिक प्रतियोगिता के बारे में भी विस्तार से शारीरिक शिक्षकों द्वारा चर्चा की गई।

## मोहता बालिका विद्यालय में प्रतिभाओं का सम्मान

- बिहारी लाल जैन मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा 10-10 ग्राम चांदी का सिक्का देने की घोषणा की गई

**सादुलपुर,** (निसं)। राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ में बुधवार को प्रार्थना सभा में हुए संक्षिप्त कार्यक्रम में प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

मीडिया प्रभारी विमलेश चन्द्र ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में सामूहिक परेड में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर उनका सम्मान किया गया। छात्राओं द्वारा यह उपलब्धि व.शा.शि. पूनम के मार्ग निर्देशन में हासिल की गई है। देशभक्ति नृत्य में भाग लेने वाली छात्राओं अनु, सृष्टि, लक्ष्या, वर्षा, हर्षिता, संध्या एवं सलोनी को बिहारी लाल जैन मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा 10-10 ग्राम चाँदी का सिक्का देने की घोषणा की गई है। प्रभारी सुमित्रा चौधरी एवं शकुंतला रानी के निर्देशन में छात्राओं ने देशभक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी।

मोहम्मद तौफीक व्याख्याता को अल्पसंख्यक छात्राओं के नामांकन वृद्धि हेतु ब्लॉक स्तर पर सम्मानित करने पर विद्यालय परिवार द्वारा भी उनका स्वागत किया गया। इसी प्रकार नेशनल मेरिट मीन्स कम स्कॉलरशिप में चयनित होने पर छात्रा सामिया एवं प्रभारी विक्रम सिंह का भी सम्मान किया गया।


**कार्यालय नगरपालिका विद्या विहार (पिलानी)**

क्रमांकः-न.पा.वि.वि./1838 दिनांक 16.08.2022

**आपत्ति विज्ञप्ति**

निम्न आवेदनकर्ताओं ने नगरपालिका विद्या विहार क्षेत्र के समस्त वार्डों/कॉलोनी/मौहल्लों में अपनी सम्पति पट्टे/अन्य कार्य के लिए आवेदन किया है। संबंधित आवेदन की विस्तृत जानकारी नगरपालिका विद्या विहार की वैबसाईट एवं स्वायत शासन विभाग की वैबसाईट http://lsg.urban.rajasthan.gov.in तथा https://sahar2021.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। अपना दावा/आपत्ति नगरपालिका विद्या विहार कार्यालय में 07 दिवस में प्रस्तु करें।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका विद्या विहार पिलानी**



**कार्यालय नगर पालिका, सरदारशहर जिला (चूरू)**

Ph. 01564-220681, 220030 Email.- eonpsdr@gmail.com

क्रमांकः-न.पा.स/ 2022-23/1669-71 दिनांकः-17.08.2022

**प्रारूप-05**

**लोक-सूचना**

इस कार्यालय में सूची में अंकितानुसार नीचे वर्णित भूमि में के अपने अधिकारों को आवासीय/वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकारी प्राप्त करने के लिए धारा 69-अ के तहत नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

**जिले का नाम - चूरू**

**नगर का नाम - सरदारशहर**

| क्र. सं. | प्रार्थी का नाम | आवेदन भूमि का स्थान | आवेदित भूमि का क्षेत्रफल वर्गफुट में | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कैलास/मुन्नालाल | वार्ड नं. 21 | 1260 | 69 अ |
| 2. | शार्दुलसिंह/भैरूसिंह | वार्ड 23 | 1963.80 | 69 अ |
| 3. | सहीराम/आदुराम | वार्ड नं. 15 | 2204.40 | 69 अ |
| 4. | शाहीदा हुसैन/साबुदीन | वार्ड नं. 26 | 218 | 69 अ, |
| 5. | गोरीशंकर शर्मा/बजरंगलाल | वार्ड नं. 14 | 644 | 69 अ |
| 6. | हुसन बानो/शम्मी उल्लाह | वार्ड नं. 34 | 2363 | 69 अ |
| 7. | मदनलाल/रामदेवाराम | वार्ड नं. 36 | 588 | स्टेट |
| 8. | सानवाज बिसायती/मोहम्मद मुस्ताक | वार्ड नं. 41 | 378 | 69 अ |
| 9. | ऋषि कुमार/गंगाराम सोनी | रोडवेज बस डिपो के पीछे | 2007.75 | 69 अ |
| 10 | जयनारायण/औंकारमल पांडिया | वार्ड नं. 54 | 2160 | 69 अ |
| 11 | भीखा देवी/जवरीमल | वार्ड नं. 37 | 666.9 | 69 अ |
| 12 | सरोज कुमारी/रणवीरसिंह | वार्ड नं. 5 | 1250 | 69 अ |
| 13 | मुस्ताक तेली/हसन तेली | वार्ड नं. 5 | 2000 | 69 अ |
| 14 | मांगीलाल/बंशीधर | गोशाला बास | 2703 | 69 अ |
| 15 | चन्दा देवी/ राजकुमार | वार्ड नं. 13 | 822.5 | 69 अ |
| 16 | मदनलाल/भागीरथ | वार्ड नं. 50 | 580 | 69 अ |
| 17 | रफीक/ हाजी मो. | जाकरिया मस्जिद के पास | 2064 | 69 अ |
| 18 | रजाक/अलादीन फकीर | वार्ड नं. 4 | 3500 | 69 अ |
| 19 | अब्दुल रहमान/हाजी भंवरा | इस्लामिया रोड | 1050 | 69 अ |
| 20 | मो. रफीक/जबार बिसायती | बिसायती का मोहल्ला | 1250 | 69 अ |
| 21 | अब्दुल हकीम/अब्दुल गफ्फार | इस्लामिया रोड | 1050 | 69 अ |
| 22 | मोहममद इसाक/वजिरूदीन | रेगर बस्ती | 1300 | 69 अ |
| 23 | रमजान व्यापारी/आमिन व्यापारी | रेगर बस्ती वार्ड नं. 51 | 624 | 69 अ |
| 24 | गीगराज/डूंगरमल रेगर | रेगर बस्ती | 494 125 | 69 अ |
| 25 | मनोज कुमार भाट/महावीर भाट | वार्ड नं. 21 | 1543.75 | 69 अ |
| 26 | महेश कुमार/बाबूलाल दर्जी | वार्ड नं. 20 | 840 | 69 अ |
| 27 | सुगरा/असलम खां | वार्ड नं. 32 | 2800.28 | 69 अ |
| 28 | बाबूलाल/लादुराम | वार्ड नं. 36 | 665 | 69 अ |
| 29 | शकिल/बसीरूदीन | बिसायती का मोहल्ल | 1250 | 69 अ |
| 30 | बेगाराम/ कुरडाराम | रेगर बस्ती | 697 | 69 अ |
| 31 | कानाराम/भागीरथमल | वार्ड नं. 36 | 1150 | 69 अ |
| 32 | खेरू निशा/गफूर | वार्ड नं. 55 | 2619.81 | 69 अ |
| 33 | रवि मिश्र/दिनेश मिश्र | वार्ड नं. 47 | 1608 | 69 अ |
| 34 | केशराराम/रामूराम सिंह | वार्ड नं. 55 | 5400 | 69 अ |
| 35 | जगदीश प्रसाद/मंगलदास स्वामी | वार्ड नं. 13 | 1794.16 | 69 अ |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-अ के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदन द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यप्रण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपना आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझ जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 17.08.2022 को जारी की गयी।

**(राजकरण चौधरी)**
**अध्यक्ष**
**नगरपालिका, सरदारशहर**

**(देवीलाल बोचल्या)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, सरदारशहर**


## अवैध खनन की रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश

**चूरू,** (कासं)। जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने कहा है कि संबंधित विभाग संयुक्त रूप से प्रभावी कार्यवाही करते हुए जिले में खनन गतिविधियों पर नियंत्रण रखें और यह सुनिश्चित करें कि जिले में अवैध खनन नहीं हो।

जिला कलेक्टर बुधवार को अपने कक्ष में अवैध खनन, निर्गमन, भंडारण की रोकथाम के लिए डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स कमेटी की मासिक बैठक में राजस्व, पुलिसए खनन, यातायात एवं वन विभाग अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने कहा कि यदि पुलिस को ड्रोन उपलब्ध करा दिए जाएं तो इससे अवैध खनन, निर्गमन भंडारण पर आसानी से और बेहतर निगरानी रखी जा सकती है। इस पर जिला कलक्टर ने डीएमएफटी से ड्रोन उपलब्ध कराए जाने के लिए कहा और सदस्य सचिव को निर्देश दिए कि वे विधिवत प्रस्ताव बनाकर गवर्निंग कौन्सिल की बैठक में प्रस्तुत करें। इस दौरान जिला कलेक्टर ने इस संबंध में संवेदनशील स्थानों पर पुलिस अधीक्षक से चर्चा की।

बैठक में सदस्य सचिव खनिज अभियंता सोहन लाल गुरु ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 20 जुलाई को ली गई वीसी के बाद अब तक खान एवं पुलिस विभाग ने संयुक्त निरीक्षण कर 7 वाहन अवैध रूप से खनिज निर्गमन करते हुए पकड़े हैं। जिनमें से बीदासर में चार, छापर में एक तथा सांडवा थाने में दो वाहन पकड़े गए हैं। इसमें चार वाहनों की पैनल्टी राशि 4 लाख 98 हजार 900 रुपए वसूल की जा चुकी है।


**इस्तेहार हर आम व खास**
**न्यायालय जिला न्यायाधीश, झुंझुनूं पीठासीन अधिकारी देवेन्द्र दीक्षित जिला न्यायाधीश (संवर्ग) झुंझुनूं**
**सिविल विधिक प्रकरण (उत्तराधिकार)**
**संख्या :- 34/22**

1. संदीप कुमार बोयल पुत्र बजरंगलाल, उम्र 35 वर्ष, जाति मेघवाल निवासी ग्राम पोस्ट कुमावास तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं (राज.), 2. अरूण कुमार बोयल पुत्र बजरंगलाल उम्र 29 वर्ष जाति मेघवाल निवासी ग्राम पोस्ट कुमावास, तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं (राज.), 3. आशा कुमारी पुत्री बजरंगलाल पत्नी धर्मेन्द्र उम्र 32 वर्ष जाति मेघवाल निवासी ग्राम पोस्ट कुमावास तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं (राज.) हाल निवासी ग्राम सांखू, तहसील लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर (राज.)

**बनाम**
**हर आम व खास**
**आवेदन पत्र अं. धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
प्रेषित- **हर आम व खास वगैरह**

आवेदक- संदीप कुमार वगैरह ने हर खास व आम वगैरह के विरूद्ध बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम में अपनी माता गीता देवी पत्नी बजरंगलाल, निवासीगण ग्राम पोस्ट कुमावास, तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं (राज.) की मृत्यु दिनांक 16.10.2020 के पश्चात गीता देवी पत्नी बजरंगलाल की भारतीय जीवन बीमा निगम की एक बीमा पॉलिसी संख्या 192574677 है, जिसमें जमा बीमाधन मय परिलाभ को प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में संस्थित किया है। अतः हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो वह इस न्यायालय में तारीख 31.08.2022 को दिन में 10.00 एम. बजे आवेदन पत्र का उत्तर देने के लिए स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो आवेदन पत्र से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो, जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके।

हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे, तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 03 माह 08 सन 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायालय के आदेश से**
**मुसंरिम**
**जिला एवं सत्र न्यायाधीश, झुंझुनूं**


## मेलों को लेकर बैठक आयोजित



धार्मिक मेलों के संदर्भ में बैठक के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

- मेले आयोजन को लेकर व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी

**चिड़ावा,** (निसं)। क्षेत्र में आने वाले दिनों में आयोजित होने वाले धार्मिक मेलों के संदर्भ में एसडीएम संदीप चौधरी एक अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में नरहड़ के हाजीब शक्कर पीर दरगाह में जन्माष्टमी मेले, गोगाजी मेले, ओजटू के सत्ता दादा और राणीसती मेले को लेकर चर्चा की। पिलानी सीआई रणजीत सेवदा को पुलिस व्यवस्था और ट्रेफिक व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिए। पार्किंग और दरगाह में इंतजामों को लेकर दरगाह सदर खालिद हुसैन व सरपंच से जानकारी ली गई। बैठक में पालिकाध्यक्ष सुमित्रा सैनी ने सभी को मिलकर व्यवस्था बनाने और मेला आयोजन को सफल बनाने का आव्हान किया। वहीं बैठक में अधिकारियों को मेला वार जिम्मेदारियां सौंपी गई।

इस दौरान कार्यवाहक तहसीलदार संजय खेदड़, बीडीओ रण सिंह, ई ओ जुबेर खान, पालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह, पार्षद निखिल चौधरी, निरंजनलाल सैनी, लोकेश कटारिया, राजेंद्र कोच, समाजसेवी सुरेंद्र सैनी, ओजटू सरपंच विनोद डांगी सहित अधिकारी, मंदिरों के महंत आदि मौजूद रहे।

## क्षेत्र की बालिकाओं के लिए बड़ी सौगात



बीदासर केजीबीवी भवन के शिलापट्ट का अनावरण करते विधायक मनोज मेघवाल ( बाएं )।

- 2 करोड़ की लागत से बने केजीबीवी विद्यालय का विधायक ने उद्घाटन किया

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे के ढढैरू मार्ग पर स्थित अलाई जोहड़ में 2 करोड़ 8 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित राजकीय कस्तुरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय टाईप 4 का उद्घाटन बुधवार को क्षेत्रिय विधायक मनोज मेघवाल के कर कमलों से सम्पन्न हुआ।

लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुये विधायक मेघवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शिक्षा के क्षेत्र मे कस्बे व आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के लिये बढ़ी सौगात दी है तथा बालिकाओं ने लिये आवासीय विद्यालय मील का पत्थर साबित होगा। इस आवासीय विद्यालय में बालिकाओं को सारी व्यवस्थाएँ विभाग द्वारा निःशुल्क उपलब्ध होगी। समारोह मे एडीपीसी सांवरमल गहनोलियाँ ने कहा कि पूर्व मंत्री स्व. मास्टर भंवरलाल मेघवाल महान् विभुति दिग्गज नेता व बालिका शिक्षा के मशीहा थे। बीदासर कस्बे मे आवासीय विद्यालय खोलने की उपज थी। अब इस कार्य को पूरा करने में विधायक मनोज मेघवाल ने अमलीजामा पहनाया। गहनोलियाँ ने कहा कि इस आवासीय विद्यालय में कक्षा 9 से 12 तक की बालिकाएँ प्रवेश ले सकेंगी तथा छात्रावास में प्रवेश हेतु कुल सौ सीट है। इसमें सौ से अधिक संख्या होने पर दस और छात्राओं का प्रवेश दिया जा सकता है। छात्रावास में प्रवेशित छात्राओं को भोजन, स्कूल गणवेश एवं अन्य वस्त्र उपलब्ध करवाये जायेंगे। छात्राओं को जूते, चप्पल, नहाने धोने की सभी सामग्री, स्टेशनरी, प्रत्येक छात्रा को स्टाईपेड के रूप मे 150 रूपये प्रतिमाह दिया जायेगा। स्वास्थ्य से संबंधित सभी दवा डॉक्टर सुविधा व सेनेटरी नेपकीन भी उपलब्ध करवाया जायेगा। छात्राओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई प्रशिक्षण व आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। उक्त सभी सुविधा सरकार द्वारा निःषुल्क होगी। छात्राओं को छात्रावास प्रवेश में एससी, एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यक को प्राथमिकता दी जायेगी।

# छात्र से मारपीट कर हत्या के विरोध में चक्काजाम प्रदर्शन किया



प्रदर्शन व जुलूस के दौरान सत्यवान इन्दासर को रिहा करने की मांग पर सड़क जाम कर बैठे प्रदर्शनकारी।

**सादुलपुर,** (निसं)। जालौर में नीजि स्कूल प्रधानाध्यापक द्वारा अनुसूचित जाति के छात्र इन्द्रकुमार द्वारा मटकी से पानी पीने के विरोध में बालक की मारपीट कर हत्या के आरोप में बुधवार को अनुसूचित जाति, जनजाति समाज के लोगों नें कस्बा राजगढ के अम्बेडकर सर्किल से जुलूस व प्रदर्शन शुरू कर महाराणा प्रताप चौक, मुख्य बाजार, घंटाघर, कुरेशी मार्केट, नंद प्लाजा होते हुए मिनीसचिवालय के समक्ष पहुँचा। जहां उक्त आदोलन के दौरान भीम आर्मी के सत्यवान इन्दासर को शांतिभंग के आरोप में राजगढ थाना पुलिस द्वारा गिरफतार करने के विरोध में करीबन आधा घंटा के लगभग मिनीसचिवालय में समक्ष चक्का जाम रखा गया।

तत्पश्चात उपखण्ड अधिकारी के समक्ष पेश कर उसे रिहा करने पर जालौर जिले के ग्राम सुराणा के सरस्वती विद्यालय थाना सायल में कक्षा 3 में अध्ययनरत छात्र इन्द्र कुमार पुत्र देवाराम मेघवाल द्वारा स्कूल में रखी मटकी से पानी पीने के कारण प्रधानाध्यापक छैलूसिंह द्वारा उक्त छात्र की मारपीट कर हत्या करने के आरोप के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी राजगढ निखिल पोद्दार को ज्ञापन सौंपा गया। हांलाकि इससे पूर्व अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के लोगों नें घटना के विरोध में चक्का जाम प्रदर्शन के दौरान सडक मार्ग पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी बीच उपखण्ड अधिकारी निखिल पोद्दार, डीवाईएसपी बृजमोहन असवाल मय पुलिस के प्रदर्शनकारियों के बीच पहुँचे, मगर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सत्यवान इन्दासर को रिहा करने के बाद ही ज्ञापन देने की चेतावनी देने पर एक बार उपखण्ड अधिकारी को बिना ज्ञापन लिये ही वापस लौटना पडा, तत्पश्चात

- **भीम आर्मी के सत्यवान इन्दासर को गिरफतार करने का विरोध किया**

उसे रिहा करने पर ही प्रतिनिधि मण्डल ने उन्हें ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रकरण की निष्पक्ष जाँच करवाकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने, पीडित परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने, परिवार को 50 लाख रूपये मुआवजा राशि देने, पीडित परिवार को पुलिस सुरक्षा मुहैया करवाने व घटना की पुनरावृति ना हो, जिसके लिए पीडित परिवार को सुनिश्चित न्याय प्रदान करने की माँग की गई। प्रदर्शन के दौरान पूर्व प्रधान निर्मला सिंघल, पूर्व सरपंच मुकेश इन्दौरा, राजेन्द्र कालरी, महावीर सिंघल, गोपाल राम सोलडा, आशीष खैरू, सत्यवान इन्दासर, पवन कुमार, इन्द्र मेघवाल, सन्तलाल, सोनू, अमरसिंह मिरासी, सहित सैकडों लोग उपस्थित थे।

## सेजान ने टेबल टेनिस में रजत जीता

**चूरू,** (कासं)। जोधपुर के चैनपुरा इन्डोर स्टेडियम में 13 से 16 अगस्त तक हुई राज्य स्तरीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में खेलो इंडिया सेन्टर चूरू के सेजान खान ने कैडेट बालक वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया है। साई के टेबल टेनिस प्रशिक्षक रमेश पूनिया के बताया कि सेजान ने क्वार्टर फाईनल में जयपुर के हर्षवर्धन सिंह को 3.0 से एवं सेमीफाइनल में जयपुर के ही विहान टांक को 03.0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

सेजान खान ने फाईनल में सवीच्च वरीयता प्राप्त जयपुर के खिलाडी आरव आचार्य से हारकर रजत पदक प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि इस से पहले जून 2022 में इन्दौर में आयोजित राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में सेजान खान एवं जीशान खान ने राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व किया है। जिला टेबल संघ के सचिव पूनिया एवं राजस्थान टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष संजय पूनिया ने इन उभरते हुये खिलाडियों से राष्ट्रीय स्तर पर अच्छे प्रदर्शन की कामना की है। सेजान के पदक जीतने पर सीताराम चोटिया, राजेश वर्मा, राहुल पीपलवा, मनीष राठौड़ एवं पवन बर्थवाल ने खुशी जाहिर की है।

# प्रशासन शहरों के संग अभियान शिविर आयोजित



डीएसपी कार्यालय के पास स्थित रैन बसेरा में वार्ड संख्या 16, 17, 19 और 21 का कैंप का आयोजन किया गया।

**बीदासर,** (निसं)। प्रशासन शहरों के संग अभियान के द्वितीय चरण के तहत मंगलवार को डीएसपी कार्यालय के पास स्थित रैन बसेरा में वार्ड संख्या 16, 17, 19 और 21 का कैंप का आयोजन किया गया।

शिविर में पालिका अध्यक्ष सीताराम प्रजापत और अधिशाषी अधिकारी के द्वारा 5 पट्टे 69 क और 11 जन्म मृत्यु विवाह पंजीयन जारी किए गए तथा 25 पट्टों को तहसील कार्यालय पंजीयन हेतु भिजवाया गया। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी हिमांशु अग्रवाल, कनिष्ठ अभियंता मुकेश कुमार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी अखिलेश पारीक, कनिष्ठ लेखाकार राजेंद्र सिंह पंवार, भूमि शाखा प्रभारी राजेन्द्र कुमार, सहायक कर्मचारी संजू, ऑपरेटर विजेश रैगर आदि उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय योगा प्रतियोगिता में 17 प्रतियोगियों ने 33 पदक जीते



सरदारशहर में आयोजित प्रतियोगिता में सुजानगढ़ के पदकवीर।

**सुजानगढ़,** (निसं)। नेशनल योगासन स्पोर्टस फेडरेशन के तत्वाधान में अमृत महोत्सव के तहत सरदारशहर के जाट विकास द्वारा आयोजित जिला स्तरीय योगा प्रतियोगिता में सुजानगढ के 17 प्रतियोगियों ने गोल्ड, सिल्वर व कांस्य कुल 33 पदक जीत कर शहर का नाम रोशन किया है।

योगाचार्य कुलदीप सैन ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 60 प्रतियोगियों ने भाग लिया था, जिनमें सब जूनियर वर्ग

- **प्रतियोगिता में कुल 60 प्रतियोगियों ने भाग लिया था**

में हर्षिता सैन ने 1 रजत और 2 कांस्य पदक, जूनियर वर्ग मे परमानन्द, अक्षत, ललिता ने रजत व कांस्य और हंसिका ने कांस्य पदक, सीनियर वर्ग में जयदीप सिंह, चित्रा बागडा, लक्की बागडा, रिंकू सैनी, पंकज बागडा, योगेश प्रजापत, लतिका सांखला, जयश्री सैनी, भगवती जांगिड, अनुष्का शर्मा, नारायण सांखला ने स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक हासिल किये। प्रो. डी.सी. सहारण की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता में सांसद राहूल कस्वा मुख्य अतिथि थे। चूरू जिला योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के अध्यक्ष डॉ. सत्यनारायण झाझरिया, सचिव शंकरलाल कटारिया, प्रतियोगिता प्रभारी नरेश सांखला, जजिंग हेड कुलदीप सैन आदि उपस्थित रहे।

## राजकुमार चौधरी अध्यक्ष नियुक्त

**रतनगढ़,** (निसं)। जयपुर से श्री गंगानगर जाते समय टेंट डीलर्स एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं चेयरमैन रवि जिंदल बुधवार को अल्प समय के प्रवास पर मेगा हाईवे स्थित अंकित होटल में रुके! जहाँ रतनगढ्व तहसील के टेंट व्यवसाइयों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जिंदल का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया! इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जिंदल ने रतनगढ्व टेंट एसोसिएशन का राजकुमार चौधरी (अग्रवाल) को दर्जनों टेंट व्यवसायियों की उपस्थिति में रतनगढ्व तहसील का नया अध्यक्ष नियुक्त करते हुए चौधरी को दुपट्टा पहनाकर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की! रतनगढ्व टेंट व्यवसाइयो ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जिंदल के साथ ही प्रदेशाध्यक्ष रासबिहारी शर्मा, महासचिव पर्वत सिंह भाटी, जयपुर जिला महासचिव मुकेश छिंपा, महेश सैनी का भी दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया! इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जिंदल ने टेंट व्यवसायियों को आगामी 17 व 18 सितंबर 2022 को बीकानेर में आयोजित होने वाले 13वे महा अधिवेशन में सम्मिलित होने का निमंत्रण देते हुए अधिवेशन में पहुंचकर सफल बनाने का आ ान किया साथ ही उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान एवं कोरोना महामारी की रोकथाम हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों की पालना करने पर बल दिया।

# विधायक ने जनसुनवाई कर बिजली, पानी समस्या समाधान के दिए निर्देश



सादुलपुर विधायक पद्मश्री डॉ. कृष्णा पूनिया ने विधायक निवास पर जनसुनवाई की।

**सादुलपुर,** (निसं)। स्थानीय विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया ने बुधवार को विधायक निवास स्थान पर जन सुनवाई की। जिसमें शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना और विधायक पूनिया ने समस्याओं को सुनने के उपरांत सम्बन्धित अधिकारियों को लोगों की शिकायतों का प्राथमिकता से निपटान करने के निर्देश दिये।

विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने कहा

- **सम्बन्धित अधिकारियों को लोगों की शिकायतों का प्राथमिकता से निपटान करने के निर्देश दिये**

कि अधिकारी लोगों की समस्याओं का तीव्रता से समाधान करें। जो भी शिकायत उनके संज्ञान में आती है वे उसका निपटान करें। सम्बन्धित शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत का समाधान करवाने के लिए कार्यालयों के बेवजह चक्कर न लगाने पडें, इसका ध्यान रखें। यदि किसी शिकायत का समाधान करने में कोई तकनीकी या अन्य कोई समस्या आ रही है, तो सम्बन्धित प्रार्थी को उससे अवगत करवाना भी सुनिश्चित करें। क्षेत्र में आ रही बिजली, पानी की समस्या के समाधान के निर्देश दिए।

## राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

**चूरू,** (कासं)। यूथ फॉर स्वराज संगठन चूरू ने एडीएम लोकेश कुमार गौतम को राष्ट्रपति के नाम जालौर हत्याकांड पर ज्ञापन सौंपा।

संगठन के जिला संयोजक राजेश चौधरी ने बताया कि जालौर की घटना प्रदेश में इस प्रकार की कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी प्रदेश में इस प्रकार की घटनाएं हुई है लेकिन सरकार के द्वारा सख्त कदम न उठाने के कारण इस प्रकार की घटनाएं निरंतर बढ़ रही हैं। संगठन के चंद्रप्रकाश सारण ने बताया कि हमारी राष्ट्रपति से स्पष्ट मांग है कि आप की सरकार एक देश एक विधान एक ध्वज एक निशान एक करके बात करती है तो आप की सरकार क्यों नहीं एक देश और एक जात की बात करें हम मांग करते हैं की देश में केवल भारतीय ही कास्ट होनी चाहिए ताकि सामाजिक आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो सके। वही संगठन के हंसराज स्वामी ने बताया कि हमने जालौर हत्याकांड में माननीय राष्ट्रपति से उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की है तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। इस अवसर पर संगठन के जिला संयोजक राजेश चौधरी हंसराज स्वामी अजय खासौली, अमित दहिया, चंद्रप्रकाश सारण, अनिल खासोली, सतवीर एवं दीनदयाल भाकर आदि मौजूद रहे।

## कम्प्यूटर व अन्य सामान दिया

**पाटन,** (निसं)। कस्बे के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बुधवार को भामाशाहों द्वारा एक कंप्यूटर सैट व फर्नीचर भेंट किया गया है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश टेलर ने बताया कि प्रगति ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक अरविंद तिवाडी ने कार्यालय को एक कंप्यूटर सैट प्रदान किया है। कार्यालय में कार्य का अधिक दबाव होने के कारण कंप्यूटरों की कमी चल रही थी। एक कंप्यूटर सेट बढने से कार्यालय के कामकाज में सरलता आएगी। वहीं राजस्थान पब्लिक स्कूल डाबला के निदेशक मनीष यादव ने कम्प्यूटर टेबल व कम्प्यूटर साफ करने की मशीन प्रदान की। इस दौरान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने भामाशाहों का साफा पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में एसीबीईओ इंद्राज यादव, मोहर सिंह मंगावा, चरणजीत सिंह, राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के फूसाराम यादव, राजेश, यादराम, संतलाल समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ 75वां स्वतंत्रता दिवस सम्पन्न

**सादुलपुर,** (निसं)। आजादी का अमृत महोत्सव राजगढ क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य समारोह राजकीय सीनियर हायर सैकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में हुआ।

सरकारी स्कूलों के अलावा निजी स्कूलों के भी विद्यार्थियों ने भी भागीदारी निभाई। सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल सुरेन्द्र सिंह पूनियां की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी निखिल कुमार पोद्दार ने ध्वजारोहण किया। उनके साथ नगर पालिका चेयरमैन रजिया गहलोत भी थी। अतिथियों ने मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर 8 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति की बहुरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। एस.डी.एम. ने राजगढ की जनता को धन्यवाद दिया कि जनता ने घर-घर तिरंगे की अपील को स्वीकार किया और बडी संख्या में लोगों ने राष्ट्रीय

- **समारोह में अतिथियों ने मार्च पास्ट की सलामी ली**

तिरंगा अपने घरों पर आया। इस अवसर पर विशेष सेवा कार्य व राजकीय कार्य करने वाले नागरिकों व कर्मचारियों, खिलाडियों आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसी श्रृंखला में मतदाता सूची में शत प्रतिशत आधार लिंक करने पर अतिथियों के द्वारा अध्यापक मुकेश कुमार राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सादपुरा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर सतीश पूनिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, रजिया गहलोत चैयरमैन नगरपालिका राजगढ ओर सीबीईओ बबलेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**सुजानगढ़,** (निसं)। जालोर प्रकरण को लेकर छात्र संघ अध्यक्ष अनुज पारीक के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने उपखण्ड अधिकारी मूलचंद लूणिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर राजस्थान में जातिवाद को प्रतिबंधित करने की मांग की है।

ज्ञापन में जतिवाद के नाम पर प्रदेश में हुई हत्याओं को उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री से कठोर निर्णय लेने एवं इन्द्र कुमार के हत्यारे के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने से पहले विद्यार्थियों ने रैली निकाल कर प्रदर्शन किया तथा नारेबाजी की।

ज्ञापन सौंपने के दौरान रामदेव मेघवाल, ओमप्रकाश बीरडा, आयुष बागरेचा, दिनेश नेहरा, कानाराम, नदीम भुट्टा, रामगोपाल प्रजापत, महेश टोकसिया, अनिल, विकास, प्रहलाद, सुरेन्द्र, नवीन, समीर, आमिर, सुरेश, करण सांखला, सोनू सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

# 'बावळती' राजस्थान फिल्म फेस्टिवल अवार्ड नाइट 2022 में शामिल

**चूरू,** (कासं)। राजस्थानी फिल्म बावळती राजस्थान फिल्म फेस्टिवल अवार्ड नाइट में शामिल हो गई है।

फिल्म बावळती के निर्माता निर्देशक राजेन्द्रसिंह शेखावत ने बताया कि राजधानी जयपुर में होने वाले दसवें राजस्थान फिल्म फेस्टिवल अवार्ड नाईट 2022 हेतु आवेदन किया था। इस पर बावळती को राजस्थान फिल्म फेस्टिवल अवार्ड नाईट 2022 में शामिल कर लिया गया है। अन्य फिल्मों के साथ बावळती को भी ज्यूरी द्वारा देखा जाएगा।

राजस्थान फिल्म फेस्टिवल अवार्ड नाईट 2022 में कई फिल्म सितारों की मौजूदगी रहेगी। शेखावत ने बताया कि यह फिल्म 26 अगस्त से सुजानगढ़ के मूनलाइट सिनेमा हॉल में रिलीज होगी। चन्द्र फिल्मस प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म को केंद्रीय फिल्म

- **फिल्म बावळती के निर्माता निर्देशक राजेन्द्रसिंह शेखावत ने बताया कि यह फिल्म 26 अगस्त से सुजानगढ़ के मूनलाइट सिनेमा हॉल में रिलीज होगी**
- **अन्य फिल्मों के साथ बावळती को भी ज्यूरी द्वारा देखा जाएगा**

प्रमाणन बोर्ड से यू प्रमाण पत्र मिला हुआ है। फिल्म में गीतिका डीगवाल, राज कुमार नायक, चन्द्र कांता चंद्रेश, पवन तोदी, सरोज बरोड़, हरि हरनी, सुशील जोशी, बीरबल नोखवाल, आरती बरोड़, बाबूलाल तुनगरिया, वासुदेव सिहाग, आशुतोष उपाध्याय, मंगल व्यास भारती, मोहम्मद जावेद, बाल कलाकार अनुष्का पूनिया ने अहम भूमिका निभाई है। अभिनेता अफजल हसन गौरी और पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा ने भी अथिति कलाकार के रूप में अभिनय किया है।

फिल्म के गीत दिग्विजय सिंह गोगटिया व राजेन्द्र सिंह ने लिखे हैं। संगीत राजेन्द्र शरणोत और शंकर माहेश्वरी ने दिया है। गीतों को आवाज रघुवीर सिंह राठौड़ रूपलीसर, सोनू माहेश्वरी सुजानगढ़ और राधेश्याम दर्जी घांघू ने दी है। डीओपी और संपादक पंकज सोनी हैं। चन्द्र फिल्मस प्रोडक्शन की यह दूसरी फिल्म है जो राजस्थान फिल्म फेस्टिवल अवार्ड नाईट में शामिल हो रही है। इससे पहले वर्ष 2018 में फिल्म आपां नै तो बेटी बचाणी है ने कई पुरस्कार जीते थे।

## विभाजन विभीषिका स्मृति पर प्रदर्शनी

**चूरू,** (कासं)। बैंक ऑफ बडौदा आर सेटी चूरू द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार संस्थान में विभाजन विभीषिका स्मृति का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभाजन विभीषिका स्मृति संबंधि प्रदर्शनी लगाई गई।

प्रदर्शनी का शुभारंभ डीओआईटीसी प्रोग्रामर नरेश टुहानिया द्वारा किया गया। इसके साथ ही संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को भविष्य में लक्ष्य बनाकर उस पर मेहनत करने के लिए भी प्रेरित किया व उनका मार्गदर्शन किया। प्रदर्शनी के आरंभ में राष्ट्रीय गीत बजाया गया। इसके पश्चात संस्थान के निर्देशक रामदयाल बिश्नोई ने प्रदर्शनी का उद्देश्य बताया। इस समारोह में बैंक ऑफ बडौदा आरसेटी से सीनीयर ऑफिसर असिस्टेन्ट विक्रम चांवरिय, एफएलसी नवाब खांन, ऑफिस असिस्टेन्ट अनिल शर्मा, रामप्रताप बोयल, डीएसटी जाकिर हुसेन सभी उपस्थित थे।

# कृषि विज्ञान केंद्र व कृषि महाविद्यालय चांदगोठी ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाया




कृषि विज्ञान केंद्र तथा नवस्थापित कृषि महाविद्यालय चांदगोठी में स्वतंत्रता समारोह मनाया।

**सादुलपुर,** (निसं)। कृषि विज्ञान केंद्र चाँदगोठी तथा नवस्थापित कृषि महाविद्यालय चाँदगोठी ने स्वतंत्रता समारोह का पावन पर्व मनाया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. आर.के. शिवरान तथा अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, चाँदगोठी डॉ. ए.आर. नकवी ने झंडारोहण किया।

डॉ. आर.के. शिवरान ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव प्रगतिशील भारत के 75 वर्ष पूरे होने और यहां के लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को याद करने और जश्न मनाने के लिए भारत सरकार की ओर से की जाने वाली एक पहल है। यह महोत्सव भारत की जनता को समर्पित है, जिन्होंने न केवल भारत को उसकी विकास यात्रा में आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बल्कि उनके भीतर प्रधानमंत्री मोदी के भारत 2.0 को सक्रिय करने के दृष्टिकोण को संभव बनाने की शक्ति और क्षमता भी है, जो आत्मनिर्भर भारत की भावना से प्रेरित है। आजादी का अमृत महोत्सव भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक पहचान को प्रगति की ओर ले जाने वाली सभी चीजों का एक मूर्त रूप है। आजादी का अमृत महोत्सव की आधिकारिक यात्रा की शुरुआत 12 मार्च 2021 को हो गई जिसकी 75 सप्ताह की उल्टी गिनती हमारी स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के लिए शुरू हो गई है तथा यह एक वर्ष के बाद 15 अगस्त 2023 को समाप्त होगी। ब्रिटिश शासन से मुक्त हुए भारत को 75 वर्ष हुए हैं तथा आज 75 वां स्वतंत्रता दिवस है, जो आजादी का अमृत महोत्सव पावन पर्व के रूप में समूचा देश मना रहा।

डॉ. ए.आर. नकवी ने कहा कि आज देश खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बन गया है। कृषि के क्षेत्र में आज भारत आत्मनिर्भर है जो कृषि के नए अनुसंधान एवं कृषकों की मेहनत तथा सरकार की समय-समय पर

- **इस अवसर पर डॉ. ए.आर. नकवी ने कहा कि किसानों को निरंतर अपने खेत पर जैविक खेती को बढावा देना चाहिए**


आवश्यकता अनुसार नीतियों के कारण संभव हो पाया है। इसके साथ-साथ उन्होंने बताया कि किसानों को निरंतर अपने खेत पर जैविक खेती को बढावा देना चाहिए तथा समय-समय पर मिट्टी की जाँच करवा कर खेतों में उपज को बढाना चाहिए प्राकृतिक खेती अपनाकर ही भूमि की उर्वरता बढेगी तथा भविष्य सुरक्षित रह पाएगा। इस अवसर पर कॉलेज के छात्रों ने विभिन्न राजस्थानी संस्कृति तथा देश भक्ति गानों पर विभिन्न प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

## छात्र संघ चुनाव की आचार संहिता लागू

**सुजानगढ़,** (निसं)। राजकीय ज्ञानीराम हरकचंद सरावगी महाविद्यालय में आचार संहिता लागू होने के साथ ही छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राचार्य सी.एस. डोटासरा ने बताया कि 18 अगस्त को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा तथा 20 अगस्त तक आपतियों का निस्तारण कर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा।

प्राचार्य ने बताया कि 22 अगस्त को 10 बजे से तीन बजे तक नामांकन होगा तथा इसी दिन शाम को तीन बजे से पांच बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। 23 अगस्त को वैद्य नामांकन पत्रों की सूची प्रकाशित की जायेगी और 23 अगस्त को ही 11 बजे से दो बजे तक नामांकन वापसी हो सकेगी और 2 से पांच बजे तक अंतिम अभ्यर्थी सूची का प्रकाशन किया जायेगा। प्राचार्य सीएस डोटासरा ने बताया कि 26 अगस्त को सुबह 8 बजे से एक बजे तक मतदान होगा। अगले दिन 27 अगस्त को मतगणना की जायेगी और विजयी प्रत्याशियों को शपथ दिलाई जायेगी।

# स्कॉलरशिप के लिए दो विद्यार्थियों का चयन



राज्य स्तरीय नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप प्रतियोगिता में छात्र संदीप मेघवाल ( बाएं ) एवं छात्रा सपना मेघवाल ( दाएं ) का चयन हुआ।

**सुजानगढ़,** (निसं)। निकटवर्ती गांव तोलियासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के दो विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप प्रतियोगिता में चयन हुआ है। प्रधानाचार्य कमलेश कुमार तेतरवाल ने बताया कि राजस्थान राज्य राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र संदीप मेघवाल एवं छात्रा सपना मेघवाल का चयन हुआ है। तेतरवाल के अनुसार प्रतियोगिता में कक्षा आठ में अध्ययनरत विद्यार्थियों में से चयन किया जाता है जिनको अगले चार साल तक बारह हजार रुपये प्रति वर्ष के हिसाब से कुल अडतालीस हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। विद्यार्थियों के चयन पर अध्यापकों ने खुशी का इजहार करते हुए दोनों विद्यार्थियों को गुलदस्ते भेंट कर एवं मिठाई खिला कर सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

